डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय ,भदोही

उत्तर प्रदेश

मिशन शक्ति 2025 (फेज-05) दिनांक :14/10/2025

आख्या

दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही में महिला सशक्तिकरण विषय पर नाटक प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने की। प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. अंकिता तिवारी एवं पूनम द्विवेदी रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. ऋतिक रंजन सिंह एवं डॉ. शिखा तिवारी सम्मिलित रही।प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में महिलाओं की भूमिका को सशक्त रूप में प्रस्तुत करना था। विद्यार्थियों ने अपने सशक्त अभिनय एवं संवाद कौशल के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के विविध आयामों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना एवं समूह (एम.ए. तृतीय सेमेस्टर), द्वितीय स्थान चंचल एवं समूह (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) तथा तृतीय स्थान सुहानी एवं समूह (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन पूनम द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम अत्यंत सफल, प्रेरणादायक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में भी प्रेरित करते हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में 33 छात्राएं एवं 25 छात्र उपस्थित रहें।

प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही

डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही
फेज 5.0
1090
वीमेन पॉवर लाइन
112
101
SHOT ON MI 10I

SHOT ON MI 10I

डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही
सम्बद्धः माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मिशन शक्ति फेज 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
1090 वीमेन पॉवर लाइन
181 महिला हेल्पलाइन
1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
112 पुलिस आपातकालीन सेवा
1098 चाइल्ड लाइन
102 स्वास्थ्य सेवा
101 एम्बुलेंस सेवा
प्राचार्य
सुश्री पूनम द्विवेदी
प्रभारी
GPS Map Camera
Google
Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh, India
9hhv+88h, Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh 221401, India
Lat 25.378381° Long 82.593352°
Tuesday, 14/10/2025 12:42 PM GMT +05:30

डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही
GPS Map Camera
Google
Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh, India
9hhv+88h, Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh 221401, India
Lat 25.378405° Long 82.593356°
Tuesday, 14/10/2025 12:43 PM GMT +05:30

हिन्दुस्त

नाटक प्रतियोगिताः वंदना समूह को प्रथम स्थान

भदोही। शहर के डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को मिशन शक्ति के तहत नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. माया ने कहा कि सरकार ने आधी आबादी के हक एवं अधिकार को लेकर उक्त अभियान को चलाया है। जिससे छात्राओं एवं महिलाओं को लाभ मिल रहे हैं। प्रतियोगिता की संयोजक डा. अंकिता तिवारी एवं पूनम द्विवेदी रहीं। जबकि निर्णायक मंडल में डा. ऋतिक रंजन सिंह, डा. शिखा तिवारी रहीं।

amarujala.com

वाराणसी | बुधवार, 15 अक्तूबर 2025

नाटक प्रतियोगिता में वंदना का समूह अव्वल

भदोही। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को महिला सशक्तीकरण विषय पर नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मिशन शक्ति फेज-5 के क्रम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. माया यादव ने किया। प्रतियोगिता में वंदना एवं समूह को प्रथम घोषित किया गया।

विद्यार्थियों ने अपने सशक्त अभिनय एवं संवाद कौशल के माध्यम से महिला सशक्तीकरण के विविध आयामों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया। विद्यार्थियों का कलाकौशल देखकर लोग भावविभोर हो गए। प्रतियोगिता में चंचल एवं समूह को द्वितीय और सुहानी एवं समूह को तृतीय घोषित किया गया। संयोजक डॉ. अंकिता तिवारी व पूनम द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्या ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। ऐसे कार्यक्रमों में सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। निर्णायक मंडल में डॉ. ऋतिक रंजन सिंह व डॉ. शिखा तिवारी रहीं। संवाद